>

Title: The Speaker made reference to the 79 th anniversary of the 'Quit India' movement launched on the 9th August, 1942 under the leadership of Mahatma Gandhi. He also made reference to Azadi ka Amrit Mahotsav.

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, आज सम्पूर्ण देश 'भारत छोड़ो आन्दोलन' की 79वीं वर्षगांठ मना रहा है । 79 वर्ष पूर्व सन् 1942 में आज ही के दिन हमारे राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ने 'भारत छोड़ो आन्दोलन' का शंखनाद करते हुए देश को अंग्रेजी शासन की दासता से मुक्त कराने के लिए समस्त देशवासियों को एकजुट होने का आह्वान किया था । 'करो या मरो' के नारे के साथ आरम्भ हुआ यह आन्दोलन धीरे-धीरे जन-आन्दोलन बन गया ।

'भारत छोड़ो आन्दोलन' हमारे स्वाधीनता संग्राम की सबसे महत्वपूर्ण घटनाओं में से एक था, जिसने हमारे देश की आजादी के महान लक्ष्य को प्राप्त करने में निर्णायक भूमिका निभाई थी ।

इस अवसर पर हम राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी और उन सभी शहीदों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति दी है ।

माननीय सदस्यगण, इसी वर्ष 12 मार्च से हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं । यह महोत्सव अगले वर्ष 15 अगस्त तक चलेगा, जब हमारी स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे हो जाएंगे । इस अवसर पर हमारा संकल्प है कि हम एकजुट होकर देश की सम्प्रभुता, एकता और अखंडता को सुरक्षित रखने का काम करेंगे । हम सभी उन मनीषियों के उन आदर्शों के प्रति स्वयं को समर्पित करें, जिन पर वे अडिग रहे थे ।

अब सभा, स्वतंत्रता संग्राम के सभी शहीदों की पुण्य समृति में थोड़ी देर मौन खड़ी रहेगी ।

The Members then stood in silence for a short while.

-

<u>11.03 hrs</u>